ऐडिक्ट कौन है ?

हममें से ज्यादातर लोगों को इस सवाल के बारे में दुबारा सोचने की जरूरत नही-हम जानते है। हमारा सारा जीवन और सोच किसी न किसी रूप में नशीले पदार्थों पर केन्द्रित रही है-इन्हें प्राप्त करना, इस्तेमाल करना और अधिक पाने के लिये साधनों और जरियों की खोज करना। हम नशा करने के लिये जीते थे और जीने के लिये नशा करते थे। बहुत सरल शब्दों मे एडिक्ट वह स्त्री या पुरुष है जिसका जीवन नशीले पदार्थों के नियंत्रण में है। हम वे लोग है जो एक जारी रहने वाली और बढ़ती हुई बीमारी की जकड़ में है जिसका अन्त हमेशा वही है, कैदखाने, संस्थाएँ और मौत।